**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.01.2025** **1945 बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– जनजातीय क्षेत्र काज़ा में 2 मैगावॉट का सोलर पावर प्लांट स्थापित।
- स्वास्थ्य संस्थानों को डेढ़ हज़ार करोड़ रूपए के निवेश से अत्याधुनिक उपकरणों से लैस करेगी प्रदेश सरकार।
- भाजपा के 9 संगठनात्मक ज़िलों में सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित– 7 ज़िलों में कल होगा चुनाव।
- प्रदेश में धूप खिलने से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में सामान्य से 7 डिग्री सैल्सियस तक की वृद्धि।

**सोलर प्लांट**

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि जनजातीय क्षेत्र काज़ा में दो मैगावॉट का सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुनिश्चित और सुचारू बनाना है। उन्होंने आज शिमला में बताया कि कुछ ही महीनों में एक मैगावॉट आवर बैटरी स्टोरेज को भी इस प्लांट में जोड़ कर इसे पूर्ण रूप से स्थापित कर दिया जाएगा। और अधिक ब्यौरे के साथ ये रिपोर्ट.......

*राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को ग्रीन स्टेट बनाने के लिए सोलर पावर का अधिक से अधिक दोहन करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्ष 2026–27 तक प्रदेश में 50 हज़ार उपभोक्ताओं के घरों पर रूफ–टॉप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए अभी तक 4 हज़ार 4 सौ आवेदन मिले हैं। इसके अलावा राज्य सरकार मांग के आधार पर अलग–अलग क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खर्चों को नियंत्रित करने सहित विद्युत सब्सिडी और स्टाफ का युक्तिकरण किया जा रहा है।*

## एम.आर.आई. मशीनें

राज्य सरकार ने थ्री टैस्ला एम.आर.आई. मशीनों की खरीद के लिए 85 करोड़ रूपए की राशि जारी की है। ये मशीनें आई.जी.एम.सी. शिमला और टाण्डा व नेरचौक मैडिकल कॉलेजों में स्थापित की जाएंगी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि थ्री टैस्ला एम.आर.आई. मशीन एक अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण है। इन मशीनों के स्थापित होने से सटीक और गहन विश्लेषण की आवश्यकता वाले चिकित्सा मामलों में सहायता मिलेगी और बीमारियों का उपचार किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि सरकार डेढ़ हज़ार करोड़ रूपए के निवेश से स्वास्थ्य संस्थानों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस करेगी।

## पैरासिटामोल

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद ने बुखार कम करने और दर्द से राहत प्रदान करने में व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाली पैरासिटामोल औषधि के उत्पादन के लिए एक स्वदेशी तकनीक विकसित की है। ये जानकारी केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने आज नई दिल्ली में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग के स्थापना दिवस समारोह में दी। उन्होंने कहा कि इस नवाचार का उद्देश्य इस औषधि को बनाने के लिए आयातित तत्वों पर निर्भरता कम करने और पैरासिटामोल के विनिर्माण में भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।

## पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि चम्बा ज़िले में निर्माणाधीन बगढार–सुदली–मोरनू–मेल उठाऊ पेयजल योजना का कार्य जल्द पूरा कर इस योजना का लोकार्पण किया जाएगा। डलहौजी के मोरनू गांव में आज एक जनसभा में उन्होंने कहा कि इस योजना के शुरू होने से अगले 25 वर्षों तक क्षेत्र की पेयजल योजना का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने क्षेत्र में अप्पर बकाण संपर्क मार्ग का भी शिलान्यास किया। उन्होंने जनसमस्याएं भी सुनीं और अधिकांश का मौके पर ही निपटारा किया।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले के राजकीय कन्या विद्यालय जुब्बल के खेल छात्रावास भवन का उद्घाटन किया। इस भवन के निर्माण पर दो करोड़ 27 लाख

रूपए खर्च हुए हैं। इस भवन में छात्राओं को खेलों से जुड़ी अधिक बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि खेल छात्रावास के शुरू होने से स्थानीय खिलाड़ियों को घरद्वार पर ही राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर नए प्रयास किए जा रहे हैं।

**बाली–अवस्थी**

पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि युवाओं को रोज़गार के नए अवसर उपलब्ध करवाना और उन्हें स्वरोज़गार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। कांगड़ा ज़िले के नगरोटा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जन सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वरोज़गार को और अधिक बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी स्टार्ट–अप योजना आरंभ की है। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में रोज़गार मेलों के नियमित आयोजन के भी निर्देश दिए गए हैं।

इधर, सोलन के अर्की से कांग्रेस विधायक संजय अवस्थी ने आज बायला पंचायत में जन समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि जनता के सक्रिय सहयोग से अर्की विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई भी कमी नहीं आने दी जाएगी।

**चुनाव**

प्रदेश भाजपा के 17 संगठनात्मक ज़िलों में से 16 ज़िलों में अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया चल रही है। इन 16 ज़िलों में से 9 ज़िलों में अध्यक्ष आज सर्वसम्मति से निर्वाचित किए गए हैं। चम्बा में धीरज नरयाल, पालमपुर में रागिनी रकवाल, देहरा में अजय खट्टा, कुल्लू में अमित सूद, सुंदरनगर में हीरा लाल, मण्डी में निहाल चंद शर्मा, सोलन में रतन पाल सिंह, सिरमौर में धीरज गुप्ता जबकि लाहौल–स्पीति में रिंगजिंग हरियप्पा अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। पार्टी चुनाव अधिकारी व सांसद राजीव भारद्वाज ने बताया कि 7 ज़िलों में अध्यक्षों का चुनाव कल 6 जनवरी को होगा। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सभी नवनिर्वाचित ज़िला अध्यक्षों को बधाई दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी ज़िला अध्यक्ष संगठन की मज़बूती के लिए पूरी निष्ठा के साथ अपना दायित्व निभाएंगे।

## बिंदल

दूसरी ओर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से पार्टी का सदस्यता अभियान अभूतपूर्व रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत 18 लाख साधारण सदस्य और 27 हज़ार सक्रिय सदस्य बनाए गए हैं।

## धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने अध्यापकों से बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ–साथ व्यावहारिक ज्ञान देने का भी आह्वान किया है। वे आज हमीरपुर ज़िले में भोरंज क्षेत्र के भोटी स्थित एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह में बोल रहे थे। राजेश धर्माणी ने इस बात पर भी बल दिया कि आज के दौर में बच्चों को प्रकृति के साथ जीने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है।

## एचएमपी वायरस

केन्द्र सरकार एच.एम.पी. वायरस के प्रसार पर सभी उपलब्ध माध्यमों से कड़ी निगरानी रख रही है और विश्व स्वास्थ्य संगठन से पिछले कुछ हफ्तों में चीन में बढ़ते श्वसन संबंधी रोगों के बारे में समय पर जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त निगरानी समूह को पता चला है कि ये वायरस भारत सहित विश्वभर में फैल रहे हैं। भारत में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और श्वसन संबंधी गंभीर बीमारी के लिए आई.सी.एम.आर. और आई.डी.एस.पी. नेटवर्कों के जरिए मजबूत निगरानी प्रणाली पहले से मौजूद है। इनसे प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है कि रोगियों की संख्या में कोई असाधारण वृद्धि नहीं हुई है। आई.सी.एम.आर. ने एहतियात के तौर पर एच.एम.पी. वायरस के लिए परीक्षण प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़ा दी है और यह पूरे वर्ष एच.एम.पी. वायरस की प्रवृत्तियों पर निगरानी रखता है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना रहा और धूप खिलने से दिन के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले कई दिनों से मौसम साफ रहने से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में सामान्य से 4 से 7 डिग्री सैल्सियस तक बढ़ोतरी हुई है। हालांकि मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते अगले 24 घंटों के

दौरान ऊंचाई वाले अधिकतर इलाकों में बर्फबारी और अन्य क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है।

## पूर्ण राज्यत्व दिवस

55वां पूर्ण राज्यत्व दिवस 25 जनवरी को कांगड़ा ज़िला के बैजनाथ में आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे और इस अवसर पर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। इस संबध में सामान्य प्रशासन विभाग ने उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को तैयारियां करने के दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

## भारत महोत्सव

नई दिल्ली के भारत मण्डपम में छह दिवसीय ग्रामीण भारत महोत्सव चल रहा है। वित्तीय सेवाएं विभाग और नाबार्ड संयुक्त रूप से इस महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। इसके माध्यम से ग्रामीण भारत की उद्यमिता की भावना और सांस्कृतिक धरोहर का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण भारत के उत्पादों को शहरी उपभोक्ताओं के समक्ष लाना है। ग्रामीण भारत महोत्सव में जी.आई. टैग वाले उत्पादों, जैविक उत्पादों, महिला उद्यमियों और जनजातीय लोगों के उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है।

## ‘अंत में मुख्य समाचार ’

- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– जनजातीय क्षेत्र काज़ा में 2 मैगावॉट का सोलर पावर प्लांट स्थापित।
- स्वास्थ्य संस्थानों को डेढ़ हज़ार करोड़ रूपए के निवेश से अत्याधुनिक उपकरणों से लैस करेगी प्रदेश सरकार।
- भाजपा के 9 संगठनात्मक ज़िलों में सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित– 7 ज़िलों में कल होगा चुनाव।
- प्रदेश में धूप खिलने से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में सामान्य से 7 डिग्री सैल्सियस तक की वृद्धि।